संख्या- 7/1507 ई-2/तेरह-2014- 06/2010

प्रेषक,

सुनील कुमार पाण्डेय,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश,
इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ: दिनांक: 22 अगस्त,2014

विषय: इण्डियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 द्वारा संचालित महाराजा एक्सप्रेस के उ0प्र0 के भ्रमण के दौरान मदिरा पिलाने हेतु अनापत्ति प्रदान करने विषयक

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- जी-64/दस-लाइसेंस-77/आईआरसीटीसी/2014-15दिनांक 04 अगस्त, 2014 का कृपया सन्दर्भ गृहण करें जिसके द्वारा इण्डियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 द्वारा संचालित महाराजा एक्सप्रेस की निम्नलिखित 05 सफारी ट्रेनों के उत्तर प्रदेश के भ्रमण के दौरान पर्यटकों की सुविधा हेतु उक्त ट्रेनों में मदिरा पिलाने हेतु शासन की अनुमति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है:-

1-The Heritage of India :-	**Mumbai-Ajanta-Udaipur-Jodhpur-Bikaner-Jaipur-Ranthambore-Agra and Delhi.**
2-The Indian Splendour:-	**Delhi-Agra-Ranthmbore-Jaipur-Bikaner- Jodhpur- Udaipur-Balasinor- Mumbai.**
3-Treasures of India:-	**Delhi-Agra-Ranthmbore-Jaipur-Delhi.**
4-Gems of India :-	**Delhi-Agra-Ranthambore-Jaipur Delhi.**

http://sriadesh.up.nic.in

5-The Indian Panorama:- **Delhi-Jaipur-Ranthambore-Fatehpur Sikri-Agra-Gwalior-Orchha-Khajuaraho-Varansi -Lucknow-Delhi.**

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अन्तराष्ट्रीय विकास की द्रष्टि से उपरोक्त पांचों सफारी ट्रेनों के प्रदेश से गुजरते समय इण्डियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लि0 (भारत सरकार का उद्यम- मिनी रत्न) रजि0 कार्यालय नवां तल, बैंक ऑफ बड़ौदा भवन, 16 संसद मार्ग, नई दिल्ली को दिल्ली राज्य के लाइसेंस के आधार पर प्रदेश से गुजरते समय मदिरा परोसे जाने हेतु गत वर्ष की भाँति पूर्ववत शर्तो पर वर्ष 2014-15 हेतु एतदद्वारा शासन की अनापत्ति प्रदान की जाती है। क़पया तद्नुसार अग्रेत्तर आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

सुनील कुमार पाण्डेय

अनुसचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in